FROM No.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अदालत सहायक कलक्टर (SDO) बायतु मुकाम

गुरूछाईराम बनाम टीकमाराम वगैरा

किस्म मुकदमा रा.का.अ. 88,188 नं. 21 सन 2020

R.T. Act

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 2/3/2020 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री खेताराम जाखड़ ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा 88,188 राजस्थान काश्तकारी/भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 3/3/20 को पेश हो।<br>[हस्ताक्षर]<br>सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |
| 03/03/2020 | वादी वकील उपस्थित। प्रतिवादी संख्या-1 की ओर से वकील श्री शिवदानराम सियाग द्वारा वकालातनामा मय इकबालिया जवाबदावा पेश किया गया। वादी वकील द्वारा वादी साक्ष्य के रूप में PW-1- गुरूछाईराम पुत्र श्री टीकमाराम जाति-जाट निवासी-डूंगोंकियों का तला परवार हल्का धूनाड़ा PW-2 - भोमाराम पुत्र श्री खेताराम जाति-नाई निवासी-डूंगोंकियों का तला तह० बायतु तथा प्रतिवादी वकील द्वारा प्रतिवादी साक्ष्य के रूप में DW-1 - टीकमाराम पुत्र श्री राजाराम जाति-जाट निवासी-डूंगोंकियों का तला तहसील-बायतु के शपथ-पत्र पेश किये गये जिन्हें शामिल पत्रावली किया गया। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनी गई पत्रावली व पत्रावली के संलग्न राजस्व रेकार्ड प्रथम दृष्टया का अवलोकन किया गया [illegible] उक्त वाद पैरा [illegible] साबित होती है [illegible] स्वीकार किया जाकर निर्णय अलग से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसलशुदा हो दाखिल दफ्तर हो। | गुरूछाईराम<br>भोमाराम<br>ह. टीकमाराम<br>[हस्ताक्षर]<br>3/3/2020<br>सहायक कलक्टर (SDO) बायतु |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.04 17:37:51 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बायतु

(पीठासीन अधिकारी विवेक व्यास R.A.S. )

राजस्व वाद संख्या– 21 / 2020

**वादीगण** **बनाम** **प्रतिवादीगण**

1. गुच्छाईराम पुत्र टीकमाराम
2. देवाराम पुत्र टीकमाराम
   जातियान्–जाट,
   निवासीयान्–दुर्गोणियों का तला,
   लुनाड़ा, तहसील–बायतु,
   जिला–बाड़मेर

1. टीकमाराम पुत्र ताजाराम
   जाति– जाट, निवासीयान–दुर्गोणियों का तला, लुनाड़ा, तहसील–बायतु, जिला–बाड़मेर

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955.

उपस्थित :– 1. श्री खेताराम जाखड़ वकील वादीगण
2. श्री रिणछाराम सियाग वकील प्रतिवादी

–: निर्णय :– **दिनांक** : 3/3/2020

संक्षेप में वाद कथन इस प्रकार हैं कि वादीगण ने यह राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के विरूद्ध प्रतिवादीगण प्रस्तुत कर यह निवेदन किया कि वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पैतृक कब्जाशुदा खातेदारी की भूमि मौजा दुर्गोणियों का तला पटवार मण्डल लुनाड़ा तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 1734, 1735 रकबा क्रमशः 0.0405, 19. 0034 हेक्टेयर आई हुई है। वादीगण व प्रतिवादी एक ही पूर्वज ताजाराम के वंशज है तथा प्रतिवादी वादीगण के पिता है। वादग्रस्त भूमि वक्त सेटलमेंट से वादीगण के दादा के कब्जे काश्त की थी तथा सेटलमेन्ट के समय वादीगण के दादा के नाम से पर्चा लगान जारी हुआ व सेटलमेंट से लेकर आज दिन तक वादग्रस्त भूमि पर वादीगण व प्रतिवादी का संयुक्त रूप से कब्जा काश्त है। इस प्रकार वादग्रस्त भूमि वादीगण की पैतृक भूमि है और वादीगण अपने पैतृक भूमि में हिन्दू उत्तराधिकारी है और हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत वादीगण का वादग्रस्त भूमि में पैतृक हिस्सा है तथा वादीगण अपने हिस्से अनुसार भूमि का बाहामी बंटवाड़ा कर काबिज है। क्योंकि हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 6 के अनुसार हिन्दू पुरूश के पुत्र, पौत्र एवं प्रपौत्र का विधि अनुसार जन्म से ही सहदायिकी अर्थात पैतृक सम्पति में अधिकार प्राप्त हो जाता है। अतः वादग्रस्त भूमि में वादीगण को प्रतिवादी संख्या 1 के साथ सहखातेदार घोषित करवाने के अधिकारी है एवं जिस हेतु घोषणा का वाद इस न्यायालय में पेश किया गया है।

पक्षकारान् को सुना गया एवं वादीगण द्वारा साक्ष्य शपथ पत्र व स्वतंत्र गवाह पेश किये गये तथा प्रतिवादी द्वारा उपस्थित होकर, इकबाली जवाब लिखित में पेश कर, वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र के समस्त पदों को स्वीकार करते हुए, वादग्रस्त भूमि में वादीगण को सहखातेदार घोषित करने की पूर्ण सहमति प्रदान की है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.04 17:37:51 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय द्वारा पत्रावली के संलग्न दस्तावेजों का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया प्रतिवादी का इकबाली जवाब शामिल पत्रावली कर, वादीगण एवं प्रतिवादी को सुना गया। चूंकि दग्रस्त भूमि वक्त सेटलमेंट से वादीगण के दादा के कब्जे काश्त की थी एवं सेटलमेन्ट के समय वादीगण के दादा के नाम से पर्चा लगान जारी हुआ था तथा वादीगण ताजाराम के विधिक वारिसान् है तथा हिन्दू उतराधिकार अधिनियम के तहत वादीगण का वादग्रस्त भूमि में पैतृक हिस्सा बनता है व वादग्रस्त समस्त भूमि में वादीगण सहखातेदार घोषित करवाने के अधिकारी है।

अतः वादीगण द्वारा प्रस्तुत किया गया वाद–पत्र स्वीकार कर, अन्तिम डिक्री इस आशय की जारी की जाती है कि मौजा दुर्गोणियों का तला पटवार मण्डल लुनाड़ा तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 1734, 1735 रकबा कमशः 0.0405, 19.0034 हेक्टेयर में वादीगण को प्रतिवादी के साथ सहखातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। निर्णय अनुसार डिक्री पर्चा जारी हो। खर्चा पक्षकारान् अपना–अपना वहन करें।

(विवेक व्यास)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

निर्णय आज दिनांक 3/3/2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(विवेक व्यास)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.04 17:37:51 IST
Reason: SelfAttested

# अन्तिम डिक्री

(आदेश 20 के नियम 6 और 7)

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बायतु

पीठासीन अधिकारी श्री विवेक व्यास R.A.S.

| **वादीगण** | **बनाम** | **प्रतिवादीगण** |
|---|---|---|
| 1. गुच्छाईराम पुत्र टीकमाराम<br>2. देवाराम पुत्र टीकमाराम<br>जातियान्–जाट,<br>निवासीयान्–दुर्गोणियों का तला,<br>लुनाड़ा, तहसील–बायतु,<br>जिला–बाड़मेर | | 1. टीकमाराम पुत्र ताजाराम<br>जाति– जाट, निवासीयान्–दुर्गोणियों का तला, लुनाड़ा, तहसील–बायतु,<br>जिला–बाड़मेर |

**दावा बाबत 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955**

राजस्व वाद संख्या–21/2020. **निर्णय दिनांक :–**

वादी की ओर से वकील श्री नरपत पूनड़ की उपरिथति में इस वाद में आज तारीख 3/3/2020 को न्यायालय में (नाम पीठासीन अधिकारी) विवेक व्यास, सहायक कलक्टर व उपखण्ड अधिकारी बायतु के समक्ष अन्तिम निर्णय किया जाता है और डिक्री दी जाती है कि :–

वादीगण का वाद स्वीकार किया जाकर मौजा दुर्गोणियों का तला पटवार मण्डल लुनाड़ा तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 1734, 1735 रकबा क्रमशः 0.0405, 19.0034 हेक्टेयर में वादीगण को प्रतिवादी के साथ सहखातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। तहसीलदार बायतु निर्णयानुसार राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद करें।

खर्चा वाद पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगे।

यह आज तारीख 3/3/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

(विवेक व्यास)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

## वाद के खर्चे

| वादी | | प्रतिवादी | |
|---|---|---|---|
| | रुपया | | रुपया |
| 1. वाद पत्र के लिए स्टाम्प<br>2. शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>3. प्रदर्शों के लिए स्टाम्प<br>4. ........... रुपये पर प्लीडर की फीस<br>5. साक्षियों के लिए निर्वाह–व्यय<br>6. कमिश्नर की फीस<br>7. आदेशिका की तामिल | | शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>अर्जी के लिए स्टाम्प<br>प्लीडर की फीस<br>साक्षियों के लिए निर्वाह व्यय<br>आदेशिका की तामील<br>कमिश्नर की फीस | |
| जोड़ | | जोड़ | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.04 17:37:51 IST
Reason: SelfAttested